अग्रवाल महाविद्यालय में एन.एस.एस. इकाई II व III के तत्वाधान में Proper Garbage Disposal के उपर एक व्याख्यान करवाया गया I यह व्याख्यान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता की देख रेख में आयोजित किया गया I इस व्याख्यान की मुख्य वक्ता मोनिका माधो ने बताया सही ढ़ंग से कचरा निस्तारण की बड़ी समस्या है और हम थोड़े से प्रयास से इसे हल कर सकते हैं I इसके लिए व्यक्तिगत रुप से सभी अपशिष्ट कचरे को दो भागों में बायोड़ीग्रेड़ेबल और नॉन–डीग्रेड़ेबल में बाँट सकते हैं I फिर नॉन–डीग्रेड़ेबल को रीसाइकिल करने के लिए दे सकते हैं व बायोड़ीग्रेड़ेबल को हम खाद में बदल सकते हैं I इससे जहाँ कचरा कम होगा, हमारा शहर साफ–सुथरा होगा व बिमारीयों से मुक्ति मिलेगी और खाद का कृषि में प्रयोग कर खाद्य–उत्पादन को बढ़ा सकते हैं I इससे हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा I व्याख्यान के बाद छात्राओं ने इससे संबंधित प्रश्न पूछे और जिज्ञासा शांत करी I यह कार्यक्रम एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रीतु व डॉ. रेखा सेन के सहयोग से सम्पन्न हुआ I